CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

◻ वर्ष- 28 ◻ अंक- 86 ◻ रायपुर, सोमवार 21 अप्रैल 2025 ◻ पृष्ठ-8 ◻ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## भाग्य भरोसे सफलता नहीं मिलती, लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिंदगी खपानी है : मोदी



### सिविल सर्विस डे पर बोले प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (न्यूज चैनल)। विज्ञान भवन में 17वें सिविल सेवा दिवस समारोह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। इस दौरान मोदी ने कहा कि इस बार का सिविल सेवा दिवस कई वजहों से बहुत विशेष है। इस साल हम अपने संविधान का 75वां वर्ष मना रहे हैं और ये सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के भी साल है। उन्होंने कहा कि यह श्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती का वर्ष भी है। वल्लभभाई पटेल ने आप सभी को

'भारत का इस्पात ढांचा' कहा था - ईमानदारी और अनुशासन से ओतप्रोत सिविल सेवक। मैं उन्हें नमन करता हूँ और अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि 21 अप्रैल, 1947 को सरदार वल्लभभाई पटेल ने आप सभी को "स्टील फ्रेम ऑफ इंडिया" कहा था। उन्होंने स्वतंत्र भारत की ब्यूरोक्रेसी की नई मर्यादाएं तय की थी। एक ऐसा सिविल सर्वेन्ट जो राष्ट्र की सेवा को अपना सर्वोत्तम कर्तव्य माने, जो लोकतांत्रिक तरीके से प्रशासन चलाए, जो ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण से भरा हुआ हो। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले मैंने लाल किले से कहा था कि आज के भारत को आने वाले 1 हजार साल की नींव को मजबूत करना है। एक हिसाब से देखें तो 1 हजार साल की सहस्त्राब्दी में पहले 25 साल बीत गए हैं। उन्होंने कहा कि ये नई शताब्दी का 25वां साल है और नई सहस्त्राब्दी का भी 25वां साल है। हम आज जिन नीतियों पर काम कर रहे हैं, जो निर्णय ले रहे हैं, वो 1 हजार साल का भविष्य तय करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि आज हम एक ऐसी दुनिया में जी रहे हैं जो तेजी से बदल रही है। हमारी नौकरशाही और नीति-निर्माण पुरानी प्रणालियों पर काम नहीं कर सकते। यही कारण है कि 2014 से ही व्यवस्थागत बदलाव को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। हम खुद को बहुत तेजी से बदल रहे हैं।]

मोदी ने कहा कि भारत का आकांक्षी समाज - चाहे वह युवा हो, किसान हो या महिलाएं - अभूतपूर्व सपने और महत्वाकांक्षाएं रखता है। इन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हमें उतनी ही अभूतपूर्व गति से प्रगति की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के हमारे लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भी विकास रथ के हर चक्र को मिलकर चलना है। दृढ़ प्रतिज्ञ होकर हर क्षण, हर दिन इस लक्ष्य के लिए काम करना है। उन्होंने कहा कि भाग्य भरोसे सफलता नहीं मिलती। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जीना है, जिंदगी खपानी है।

## केनरा बैंक भिलाई के 111 खातों में 87.60 करोड़ का संदिग्ध लेनदेन

### वैशाली नगर शाखा में साइबर फ्रॉड का खुलासा

अपराध दर्ज

दुर्ग, 21 अप्रैल (हाईवे चैनल)। कैनरा बैंक भिलाई की वैशालीनगर ब्रांच में म्युल अकाउंट (फर्जी लेनदेन खातों) से जुड़े एक बड़े साइबर फ्रॉड का खुलासा हुआ है। बैंक की आंतरिक जांच में सामने आया कि कुल १११ खातों में ८७.६० करोड़ रुपए का संदिग्ध लेनदेन किया गया है जिससे बैंक और प्रशासन में हड़कंप मच गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बैंक मैनेजर की सतर्कता से २२ लाख रुपए की राशि को फ्रीज कर लिया गया है, लेकिन बाकी रकम खातों से विड्रॉ कर ली गई है। इस मामले में कैनरा बैंक प्रबंधन द्वारा वैशालीनगर थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है और पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच के आधार पर आशंका जताई जा रही है, कि इन खातों का उपयोग ऑनलाइन सट्टा, मनी लॉन्ड्रिंग और साइबर ठगी जैसे अवैध गतिविधियों में किया गया है। खाताधारकों की पृष्ठभूमि की भी जांच की जा रही है कि कहीं ये अकाउंट्स फर्जी दस्तावेजों के आधार पर तो नहीं खोले गए थे। साइबर ए1सपर्ट्स और बैंकिंग अफसरों की संयुक्त टीम अब इन खातों से जुड़े लेन-देन और ट्रांजे1शन ट्रेल की जांच में जुटी है।

## पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी : मंदिर हसौद में चार जगहों पर छापेमारी

### 28 लाख का सामान जब्त




**रायपुर,** 21 अप्रैल (हाईवे चैनल)। मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में रायपुर पुलिस ने पेट्रोल और डीजल की अवैध कालाबाजारी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक चार अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी में भारी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ, वाहन और उपकरण जब्त किए गए. कुल जब्त सामग्री की कीमत करीब 28 लाख रुपये आंकी जा रही है. इस पूरे मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक मौके से फरार हो गया. पुलिस ने धारा 287 BNS और 3, 7 EC Act के तहत मामले दर्ज किए हैं. पुलिस जल्द पूरे मामले का खुलासा कर सकती है.

## ब्रेकिंग न्यूज

### रेलवे स्टेशन परिसर में देसी पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, 21 अप्रैल (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के रेलवे स्टेशन पेंड्रारोड के पास पुलिस ने युवक को देसी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है. आरोपी युवक के खिलाफ गौरेला थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है. पुलिस द्वारा युवक से नेटवर्क से जुड़ी जानकारियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है. जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर रेलवे स्टेशन क्षेत्र पहुंची। जहां बताए गए हुलिए से मिलते युवक घेराबंदी कर दबोचा गया. इस दौरान जब युवक की तलाशी ली गई तो उसके पास से एक देशी पिस्टल बरामद किया गया. आरोपी हरजितेन्द्र सिंह (22 साल) यूपी के गोरखपुर का रहने वाला है, जो यहां पिस्टल को बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा था. आरोपी के खिलाफ गौरेला थाना में धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है. पूछताछ के दौरान आरोपी से पिस्टल की खरीद-बिक्री और नेटवर्क से संबंधित अन्य जानकारी जुटाई जा रही है.

### कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को राहुल गांधी ने लिखा पत्र, रोहित वेमुला एक्ट लागू करने का किया आग्रह



**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (न्यूज चैनल)कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कांग्रेस शासित सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर रोहित वेमुला अधिनियम के क्रियान्वयन में तेजी लाने का आग्रह किया है। अपने पत्र में गांधी ने रोहित वेमुला की स्मृति को श्रद्धांजलि देने और हाशिए पर पड़े समुदायों के छात्रों के लिए न्याय और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक कदम के रूप में कानून बनाने के महत्व पर जोर दिया। प्रस्तावित रोहित वेमुला अधिनियम का उद्देश्य शैक्षणिक संस्थानों में जाति-आधारित भेदभाव को रोकने और उपेक्षा या उत्पीड़न के मामलों में जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए एक कानूनी ढांचा प्रदान करना है। इससे पहले 19 अप्रैल को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने राहुल गांधी को पत्र लिखकर बताया कि उन्होंने अपने कानूनी सलाहकार और टीम को रोहित वेमुला अधिनियम का मसौदा तैयार करने का निर्देश दिया है। यह कदम सिद्धारमैया द्वारा यह कहे जाने के एक दिन बाद उठाया गया कि राज्य सरकार कर्नाटक में रोहित वेमुला अधिनियम को जल्द से जल्द लागू करने के अपने संकल्प पर अडिग है,

### बिरादरी की बातें




चूहा- सुनती हो, मोदी जी कह रहे हैं भाग्य भरोसे नहीं रहना चाहिए।

चुहिया- हां जी, लेकिन भाग्य भरोसे ही तो सब नेता बन रहे हैं।

## नवा रायपुर में बनेगी नई तहसील

### एनआरडीए ने पूरी की ज़मीन चिन्हांकन की प्रक्रिया



**रायपुर,** 21 अप्रैल (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ को राज्य बने करीब 25 साल हो चुके हैं, लेकिन राजधानी नवा रायपुर में आबादी अब तक उम्मीद के मुताबिक नहीं बस पाई है। इस तकनीकी और सामाजिक चुनौती को देखते हुए अब सरकार ने नया कदम उठाया है। कमल विहार की तर्ज पर अब नवा रायपुर में 'नया विहार' बसाया जाएगा, जिससे लोगों को न सिर्फ जमीन मिलेगी, बल्कि बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही नई तहसील भी स्थापित की जाएगी। बता दें कि इस योजना के तहत 436 हेक्टेयर जमीन को चिन्हित किया गया है। जिन ग्रामीणों की जमीन पहले अधिग्रहित की गई थी, उन्हें अब विकसित प्लॉट के रूप में पुन: जमीन लौटाई जाएगी। इसके अलावा शासकीय भूमि और बची हुई जमीन को आम जनता के लिए प्लॉट के रूप में बेचा जाएगा।

**नवा रायपुर की सख्त नियम-शर्तों से राहत**- नया विहार की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि यहां नवा रायपुर जैसी कठोर नियम-शर्तें लागू नहीं होंगी। इससे लोग आसानी से जमीन खरीद सकेंगे और अपनी जरूरत के मुताबिक उसका उपयोग कर पाएंगे। योजना में अस्पताल, स्कूल, सड़क, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं पहले से सुनिश्चित की जा रही हैं।

**नई तहसील भी होगी स्थापित**- लोगों को बार-बार रायपुर जाकर जमीन संबंधित काम न करना पड़े, इसके लिए नई तहसील का गठन भी प्रस्तावित है। इससे प्लॉट धारकों और निवासियों को स्थानीय स्तर पर ही राजस्व संबंधी सभी सेवाएं मिल सकेंगी। इधर नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण (एनआरडीए) ने योजना को धरातल पर लाने की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली है। ग्राम बरौंदा, रमचंडी, रीको, मंदिरहसौद, सेरीखेड़ी और नकटी गांव की 436 हेक्टेयर जमीन को चिन्हित कर लिया गया है। इस पर आवास एवं पर्यावरण विभाग से अधिसूचना भी जारी हो चुकी है।

**दावे-आपत्तियों का निपटारा और अंतिम अधिसूचना जारी**- योजना के लिए एक माह की अवधि में दावे और आपत्तियां मंगाई गई थीं, जिन्हें अब निपटा दिया गया है। अंतिम अधिसूचना में साफ तौर पर कहा गया है कि जिन ग्रामीणों को डेवलप प्लॉट वापस दिए जाएंगे, उन्हें तभी कब्जा मिलेगा जब उनके दस्तावेज पूरी तरह अपडेट और ऑनलाइन होंगे।

**भविष्य में गड़बड़ियों पर लगेगा ब्रेक**- यह पूरी व्यवस्था इसलिए बनाई गई है ताकि भविष्य में जमीन आवंटन या खरीद-फरोख्त से जुड़ी कोई गड़बड़ी न हो। प्लॉट, मकान और फ्लैट खरीदने वालों को पूरी पारदर्शिता के साथ जानकारी मिलेगी कि वे क्या और कहां खरीद रहे हैं। स्कूल और अस्पताल के लिए भी अलग से भूखंड आरक्षित किए जा चुके हैं।

## दिल्ली में ट्रिपल इंजन सरकार भाजपा का मेयर बनना तय

### चुनाव लड़ने से पीछे हटी आप

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (न्यूज चैनल)। आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली में आगामी मेयर चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। चुनाव 25 अप्रैल को होने हैं और आज नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन है। आप ने घोषणा की है कि वह मेयर पद के लिए कोई उम्मीदवार नहीं उतारेगी क्योंकि पार्टी के पास वर्तमान में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में पर्याप्त संख्या नहीं है, जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बहुमत में है। इसके साथ ही, भाजपा दिल्ली में ट्रिपल इंजन सरकार स्थापित करने के लिए तैयार है जिसका नियंत्रण केंद्र, दिल्ली प्रशासन और अब एमसीडी पर भी होगा।

आप दिल्ली अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हमने फैसला किया है कि इस बार मेयर के चुनाव में हम आम आदमी पार्टी का उम्मीदवार नहीं उतारेंगे। भाजपा को अपना मेयर चुनना चाहिए, भाजपा को अपनी स्थायी समिति बनानी चाहिए और बिना किसी बहाने के दिल्ली पर शासन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस दिन से दिल्ली में एमसीडी चुनाव तय हुए हैं, तब से सत्ता हथियाने की भाजपा की बेचैनी सबके सामने दिख रही है, चाहे वो चुनाव टालकर एकीकरण करना हो, या परिसीमन के नाम पर भाजपा के लिए छोटे-छोटे वार्ड बनाना हो या फिर लगातार भ्रष्ट तरीकों का इस्तेमाल करके मेयर और स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव जीतने की कोशिश करना हो।

## करणी सेना झारखंड प्रमुख विजय सिंह की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या की



**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (न्यूज चैनल)। जमशेदपुर में अशांति फैलाने वाली एक चौंकाने वाली घटना में राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और झारखंड के राज्य अध्यक्ष विनय सिंह की रविवार, 20 अप्रैल को गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह हत्या दिनदहाड़े हुई, जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए।

विनय सिंह को रविवार शाम जमशेदपुर के बालीगुमा इलाके में पंजाब ढाबा के पास सिर में गोली लगने से मृत पाया गया। उनके बाएं हाथ से एक पिस्तौल बरामद की गई। सिंह शनिवार सुबह से ही संपर्क में नहीं थे, जिसके बाद उनके परिवार ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने उनके मोबाइल लोकेशन का पता लगाया और शव बरामद किया। सिंह कुछ अन्य लोगों के साथ घर लौट रहे थे, तभी बंदूकधारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पर एक होटल के पास गोलीबारी की, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। रिपोर्ट के अनुसार विनय सिंह अपने कुछ साथियों के साथ मानगो बालीगुमा से लौट रहे थे। जैसे ही वह ढाबे के पास एक गली में पहुंचे, अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। सिंह को गोली लगी और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि उन्होंने आत्मरक्षा में अपनी लाइसेंसी पिस्तौल से जवाबी फायरिंग करने की कोशिश की, लेकिन इससे पहले कि वह प्रभावी ढंग से जवाब दे पाते, उनकी मौत हो गई।

## आम के बगीचे में मिला अवैध शराब का जखीरा, मध्यप्रदेश से लाकर छत्तीसगढ़ में खपाने की थी तैयारी, आरोपी गिरफ्तार

### आबकारी विभाग का छापा

**बलौदाबाजार,** 21 अप्रैल (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है. ग्राम खैरघट में आम बगीचा से शराब का जखीरा बरामद किया गया. यहां आरोपी हीरालाल धृतलहरे दूसर राज्य की शराब को छिपा कर रखा था. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.

जानकारी के अनुसार, आबकारी आयुक्त सह सचिव आर संगीता मैडम के निर्देश पर ग्राम खैरघट में आरोपी हीरालाल धृतलहरे के आम बगीचा पहुंची. इस दौरान पंप हाउस में छिपाकर रखा गया शराब मिला. जांच में मध्यप्रदेश निर्मित गोवा व्हिस्की 104 पेटी कुल 936.0 बल्क लीटर जब्त किया गया. आरोपी के खिलाफ पुलिस ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम1915 की धारा 34(2), 34(1)(च)59(क), 36 का मामला दर्ज किया है. आरोपी हीरालाल धृतलहरे को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है.

## अजय चन्द्राकर-भूपेश बघेल का एक-दूसरे पर तीखा हमला





### छत्तीसगढ़ में गरमाई सियासत

**रायपुर,** 21 अप्रैल (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर में कांग्रेस के मुख्यमंत्री निवास घेराव प्रदर्शन को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। भाजपा के वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर ने जहां कांग्रेस के प्रदर्शन को ज़िंदा रहने की कोशिश बताया, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चंद्राकर को दूध में पड़ी मक्खी करार दिया।

अजय चंद्राकर ने कांग्रेस के प्रदर्शन को महज एक 'राजनीतिक नौटंकी' करार देते हुए कहा, कांग्रेस को ज़िंदा रहना और ज़िंदा दिखना भी है, इसके लिए ये सब उपक्रम हैं। मेरी सहानुभूति कांग्रेस की कोशिशों के साथ है। विपक्ष की भूमिका निभाते रहें। उन्होंने प्रदर्शन में कांग्रेस के प्रमुख नेताओं की गैरहाज़िरी पर भी सवाल उठाया और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भुवनेश्वर दौरे का ज़िक्र करते हुए कहा- जिन्हें आप बड़े नेता मानते हैं, वो हैं ही नहीं। परिवारवादी पार्टियों में मुखिया ही नेता होते हैं, जननेता कोई नहीं।

संविधान बचाओ अभियान पर चंद्राकर ने कांग्रेस से पूछा, अपने कार्यकाल में कितनी बार संविधान में संशोधन किया? आपातकाल किसने लगाया? मानव अधिकारों को सस्पेंड किसने किया? अंबेडकर जी के प्रति अचानक उमड़ा प्रेम क्यों? जन जागरण अभियान और वक्फ बोर्ड संशोधन पर उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा, जब भी देश में कोई नवाचार होता है, कुछ लोग 'भेड़िया आया भेड़िया' चिल्लाने लगते हैं। कांग्रेस का

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अजय चंद्राकर के बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, अजय चंद्राकर पार्टी में दूध में पड़ी मक्खी की तरह हो गए हैं। मंत्रिमंडल विस्तार की आस लगाए बैठे थे, लेकिन पार्टी ने उन्हें साइडलाइन कर दिया है। पहले अपने आसपास देख लें, फिर कांग्रेस पर टिप्पणी करें।

सीएम विष्णु देवसाय द्वारा आदिवासियों को 'सबसे बड़ा हिंदू' बताए जाने पर भूपेश बघेल ने उन्हें संविधान पढ़ने की नसीहत दी। पूर्व सीएम ने कहा आदिवासी को हिंदू बताने से उनका आरक्षण खत्म हो जाएगा। ये उनकी पहचान और अधिकारों पर सीधा हमला है। मुख्यमंत्री को ऐसे गैरजिम्मेदार बयान नहीं देने चाहिए। बता दें कि उपराष्ट्रपति धनखड़ ने न्यायपालिका की ओर से राष्ट्रपति के निर्णय लेने के लिए समयसीमा निर्धारित करने और 'सुपर संसद' के रूप में कार्य करने को लेकर सवाल उठाए थे। उन्होंने गुरुवार को कहा था कि सुप्रीम कोर्ट लोकतांत्रिक ताकतों पर 'परमाणु मिसाइल' नहीं दाग सकता।

उपराष्ट्रपति की इस टिप्पणी को लेकर पूर्व सीएम बघेल ने कहा, सुप्रीम कोर्ट का फैसला विधायिका की गरिमा को बढ़ाता है। राज्य में कई बिल राज्यपाल के पास लंबित हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद राज्यपाल उन्हें मंजूरी नहीं दे रहे। फिर उपराष्ट्रपति को इस पर आपत्ति क्यों हो रही है? कांग्रेस के मुख्यमंत्री निवास घेराव प्रदर्शन को बघेल ने जनहित में जरूरी बताया। प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब है। भाजपा के खुद के नेता पत्र लिखकर सुरक्षा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। सरकार खुद मान रही है

CMYK